आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक
हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 13 अंक : 34 लखनऊ, बुद्धवार 14 दिसम्बर 2022 से 20 दिसम्बर 2022 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक

## प्रधानमंत्री ने कहा कि आज विश्व में भयानक चुनौतियां हैं, उनके समाधान में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण है

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि दुनिया में आज भीषण चुनौतियां हैं और इन चुनौतियों के समाधान में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण है। स्वतंत्रता सेनानी और महान दार्शनिक श्री अरविंद को उनकी १५०वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस विभूति से प्रेरणा लेकर खुद को तैयार करना है और सबके प्रयास से 'विकसित भारत' का निर्माण करना है। प्रधानमंत्री ने वीडियो कन्फ्रेंस के माध्यम से श्री अरविंद की जयंती समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने एक विशेष सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। उन्होंने कहा कि इस महान दार्शनिक का जीवन ''एक भारत, श्रेष्ठ भारत'' की अवधारणा का प्रतीक है तथा उनके आदर्शों ने पीढ़ियों को प्रेरित किया है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान



कहा, ''भारत वह अमर बीज है, जो विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में थोड़ा दब सकता है, थोड़ा मुरझा सकता है, लेकिन वह मर नहीं सकता। क्योंकि वह अजर है, अमर है। क्योंकि भारत मानव सभ्यता का सबसे परिष्कृत विचार है। मानवता का सबसे स्वाभाविक स्वर है।'' उन्होंने कहा कि भारत महर्षि अरविंद के समय में भी अमर था और आज भी आजादी के अमृत काल में अमर है। उन्होंने कहा, ''दुनिया में आज भीषण चुनौतियां हैं। इन चुनौतियों के समाधान में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसलिए महर्षि अरविंद से प्रेरणा लेकर हमें खुद को तैयार करना है और सबके प्रयास से विकसित भारत का निर्माण करना है।'' प्रधानमंत्री ने श्री अरविंद के बारे में कहा कि उनका जन्म पश्चिम बंगाल में हुआ था, लेकिन वह गुजरात और पुडुचेरी में भी रहे। उन्होंने कहा कि वह जहां भी गए, उन्होंने अपनी छाप छोड़ी। उन्होंने कहा, ''श्री अरविंद का जीवन एक भारत, श्रेष्ठ भारत का प्रतिबिंब है।

## राजधानी में १० जनवरी तक के लिए धारा १४४ लागू

लखनऊ। यूपी की राजधानी लखनऊ में २५ दिसम्बर से १० जनवरी तक धारा–१४४ लागू करने का आदेश दिया गया है। सर्दी के बीच क्रिसमस और नव वर्ष के अलावा किसान संगठनों के प्रदर्शन को मद्देनजर रखते हुए राजधानी में धारा १४४ लगाई गई है। ये धारा १० जनवरी तक जारी रहेगी। इसके लेकर संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था पीयूष मोर्डिया ने एक अधिसूचना जारी की है।




अधिसूचना के मुताबिक, राजधानी में आगामी त्योहार, नववर्ष विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं और किसानों के विरोध के मद्देनजर कानून और व्यवस्था बनाए रखने और कोरोना नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए १० जनवरी तक सीआरपीसी की धारा १४४ के तहत प्रतिबंध लगा दिया है। इसके तहत कोविड प्रोटोकॉल्स का पालन करवाया जाएगा और पांच से अधिक लोगों को बिना अनुमति जुलूस नहीं निकालने दिया जाएगा।

## संसद पर हुए हमले में शहीद जवानों को मुख्यमंत्री योगी ने दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने २००१ में संसद पर हुए आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने ट्वीट किया है कि देश आपके बलिदानों को कभी नहीं भूलेगा। इसके साथ ही गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर की जयंती पर भी उन्हें याद किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि आज ही के दिन वर्ष २००१ में मजहबी आतंकियों ने संसद पर कायरतापूर्ण हमला कर भारत की संप्रभुता को लहूलुहान करने का असफल प्रयास किया था। इस हमले में अपने प्राण न्योछावर कर माँ भारती के मान की रक्षा करने वाले सभी वीरों को विनम्र श्रद्धांजलि। देश आपके बलिदानों को कभी नहीं भूलेगा।दूसरे ट्वीट में उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर को याद करते हुए लिखा कि भारतीय राजनीति में सादगी, शुचिता व जनपक्षधरता के आदर्श प्रतिमान, पूर्व रक्षा मंत्री एवं गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा से पूरित आपका जीवन सभी के लिए प्रेरणादायी है।

## लखनऊ में डेंगू मरीजों की संख्या घटी



लखनऊ। राजधानी में डेंगू मरीजों की संख्या पहले की अपेक्षा काफी कम हो गई है। मंगलवार को यहां ७ डेंगू मरीज पाये गये। सीएमओ ड मनोज अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार अलीगंज–३, चन्दरनगर–३, इन्दिरानगर–१ में केस पाए गए। उन्होंने बताया कि करीब २६२२ घरों एवं आस–पास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल आठ घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया।

## योगी ने कहा कि किसी भी उद्यमी को प्रताड़ित नहीं किया जाना चाहिएः मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को देश और प्रदेश के विकास में व्यापारियों तथा उद्यमियों के योगदान की सराहना करते हुए राज्य कर विभाग को स्पष्ट हिदायत दी कि प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी उद्यमी, व्यापारी का उत्पीड़न न हो। योगी ने यह भी कहा कि राजस्व की चोरी राष्ट्रीय क्षति है, छापेमारी की कार्यवाही से पहले पुख्ता जानकारी इकट्ठा करें और पूरी तैयारी करने के बाद ही कार्यवाही की जाए। उधर, समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्त्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पार्टी मुख्यालय से सोमवार को जारी एक बयान में कहा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार एक ओर तो प्रदेश की तरक्की के लुभावने सपने दिखाती है, वहीं दूसरी ओर देश की अर्थव्यवस्था में मुख्य भागीदारी निभाने वाले व्यापारी वर्ग का उत्पीड़न करने में पीछे नहीं है। यादव ने आरोप लगाया, ''इन दिनों भाजपा सरकार जीएसटी जांच के नाम पर व्यापारियों को परेशान करने में लगी है। व्यापारी विरोध में बाजार बंद कर रहे हैं। जनसामान्य परेशान है। व्यापार ठप है। भाजपा सरकार का व्यापार जगत के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण उत्तर प्रदेश में घटते व्यापार को और ज्यादा घटाएगा। जीएसटी छापेमारी



वसूली और भ्रष्टाचार का एक नया तरीका है। मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा है कि प्रदेश में जीएसटी चोरी और कर अपवंचन के कई मामले हैं और राजस्व क्षति को रोकने के लिए राज्य कर विभाग द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है, जिसके शानदार परिणाम भी मिले हैं। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कर अपवंचन की रोकथाम के लिए लगातार कार्यवाही की जाती रही है और इसी कड़ी में बीते दिनों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित डेटा विश्लेषण से प्रदेश में २५५८ ऐसे व्यापारी चिन्हित हुए, जिनकी खरीद, बिक्री और नियमानुसार देय कर भुगतान का मिलान नहीं हो पा रहा था।

## राहुल गांधी के खिलाफ मामले में कोर्ट ने आदेश किया सुरक्षित

लखनऊ। कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो पदयात्रा के दौरान सांसद राहुल गांधी द्वारा जान–बूझकर वीर विनायक दामोदर सावरकर के विरुद्ध अपमानजनक बातें कहने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग वाली अर्जी पर बहस सुनने के उपरान्त एमपी–एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीश कुमार श्रीवास्तव ने २३ दिसम्बर के लिए अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है। यह अर्जी स्थानीय अधिवक्ता नृपेंद्र पांडेय ने राहुल गांधी के विरुद्ध दाखिल की है। कोर्ट में दाखिल अर्जी में अधिवक्ता नृपेंद्र पांडे ने आरोप लगाया है कि पदयात्रा के दौरान जानबूझकर एक सोची–समझी रणनीति व साजिश के तहत १७ नवम्बर २०२२ को महाराष्ट्र के अकोला में राहुल गांधी ने वैमनस्यता पैदा करने के उद्देश्य से भारतीय इतिहास के नायक सावरकर की सार्वजनिक मंच से निरंतर अमर्यादित आलोचना करके देश के समस्त स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान किया है। अर्जी में यह भी कहा गया है कि राष्ट्रीय विचारधारा के महानायक क्रांति वीर विनायक दामोदर सावरकर को



राहुल गांधी ने निरंतर अंग्रेजों का पेंशनर, अंग्रेजों का नौकर, मददगार, अपनी रिहाई के लिए माफी मांगने वाला बताते हुए, मिथ्या दोषारोपण किया है। अर्जी में आगे कहा गया है कि वीर सावरकर का अपमान राष्ट्र का अपमान है, इसके साथ ही साथ यह राष्ट्रभक्त देशवासियों का भी अपमान है जिसके कारण राहुल गांधी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराए जाने का आदेश पारित किया जाना आवश्यक है।

# सम्पादकीय

## कांग्रेस को अमेठी की चिंता

कांग्रेस पार्टी और सोनिया गांधी के परिवार को दो पारंपरिक लोकसभा सीटों– अमेठी और रायबरेली की चिंता सता रही है। इन सीटों पर दशकों से परिवार का कब्जा रहा है लेकिन पिछले चुनाव में भाजपा की स्मृति ईरानी ने अमेठी सीट पर राहुल गांधी को हरा दिया था। राहुल की टीम को पहले से इसका अंदाजा था इसलिए केरल की वायनाड सीट से भी वे चुनाव लड़े थे, जहां से अभी सांसद हैं। सो, अब बड़ा सवाल यह है कि राहुल गांधी इस बार अमेठी से चुनाव लडेंगे या नहीं? अगर लड़ेंगे तो क्या एक ही सीट से लड़ेंगे या फिर अमेठी और वायनाड दोनों सीटों से लड़ेंगे? ध्यान रहे नेहरू–गांधी परिवार का कोई भी सदस्य लगातार दो चुनाव नहीं हारा है। इंदिरा गांधी भी रायबरेली से हारी थीं तो चिकमगलूर से उपचुनाव में जीत गई थीं और उसके बाद फिर नहीं हारीं। सोनिया गांधी कोई भी चुनाव नहीं हारी हैं। राहुल भी २००४ से चुनाव लड़ रहे हैं और पहली बार २०१९ में अमेठी से हारे। इसलिए परिवार यह जोखिम नहीं ले सकता है कि वे फिर से अमेठी लड़ें और हार जाएं। उत्तर प्रदेश की अभी जो स्थिति है, वह कांग्रेस के लिए बहुत अच्छी नहीं है। भाजपा हिंदुत्व की लहर पर सवार है और कांग्रेस व परिवार ने भी दोनों क्षेत्रों को छोड़ा हुआ है। दूसरी ओर भाजपा और स्मृति ईरानी दोनों क्षेत्र में सक्रिय हैं। जहां तक रायबरेली का सवाल है तो यह लगभग तय है कि सोनिया गांधी इस बार चुनाव नहीं लड़ेंगी। उनकी सेहत भी ठीक नहीं है और कांग्रेस अध्यक्ष का पद छोड़ने के बाद वे लगभग संन्यास की स्थिति में हैं। अगर उनको सांसद बनना भी होगा तो शरद पवार की तरह राज्यसभा में चली जाएंगी। तभी माना जा रहा है कि उनकी सीट से इस बार प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव लड़ सकती हैं। उस सीट को लेकर कांग्रेस फिर भी भरोसे में है लेकिन अमेठी को लेकर पार्टी का भरोसा नहीं बन रहा है। यह तय मानें कि इन दोनों सीटों पर भाजपा बड़ी लड़ाई बनाने का प्रयास करेगी। अगर प्रियंका और राहुल चुनाव लड़ते हैं या सिर्फ प्रियंका लड़ती हैं तब भी पार्टी घेराबंदी करेगी। कोई बड़ा और जुझारू उम्मीदवार उतारा जाएगा ताकि प्रियंका को उनके क्षेत्र में ही घेरा जा सके। कांग्रेस की एक चिंता यह भी है कि अगर राहुल गांधी फिर अमेठी नहीं लड़ते हैं तो कौन लड़ेगा? एक जमाने में जब परिवार का कोई सदस्य नहीं लड़ता था तो कैप्टेन सतीश शर्मा और संजय सिंह जैसे परिवार के करीबी लोग लड़ते थे। अब ऐसा कौन है, जिसको चुनाव लड़ाया जाए? कांग्रेस में इस बात पर विचार हो रहा है। क्या प्रियंका और उनके पति रबर्ट वाड्रा दोनों चुनाव लड़ सकते हैं? इसका क्या मैसेज होगा, इस पर भी विचार हो रहा है। अगले कुछ दिन में कांग्रेस को तय करना है कि रायबरेली और अमेठी की दो सीटों से कौन लड़ेगा और फिर उसकी तैयारी शुरू करनी है।

## भारतीय सेना का कार्य सराहनीयः मायावती

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री व बसपा प्रमुख मायावती ने अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीनी सेना के बीच हुए हिंसक झड़प उसमें कई भारतीय सैनिकों के घायल होने की खबर को



अति–दुःखद व चिन्तनीय बताया है। साथ ही कहा कि अब सरकार की जिम्मेदारी है कि अपनी कुटनीतिक कुशलता का परिचय दे, यही देश को उम्मीद है। बसपा प्रमुख मायावती ने मंगलवार को ट्वीट किया कि यूक्रेन युद्ध के परिणामों से पीड़ित एवं सहमी दुनिया में भारत–चीन सेना के बीच नए संघर्ष पर तुरन्त कूटनीतिक तरीके से काबू पाना जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने चीन के साथ ताजा मामले में भी एक बार फिर जैसे को तैसा मुंहतोड़ जवाब देकर अपनी प्रसिद्धि के अनुरूप कार्य किया है, जो सराहनीय है। अब सरकार की जिम्मेदारी है कि अपनी कुटनीतिक कुशलता का परिचय दे, यही देश को उम्मीद है। अपनी इण्टेलिजेन्स को भी और मजबूत बनाना होगा। बता दे कि सोमवार को इस घटना पर अधिकारिक बयान जारी करते हुए भारतीय सेना ने बताया कि पीएलए सेना से सामना होने के दौरान भारतीय सैनिकों ने बेहद ही ताकत और ढ़ता से चीनी सैनिकों का मुकाबला किया। इस लड़ाई में दोनों देशों के कुछ सैनिकों को मामूली चोटें आई हैं. हमले में घायल हुए छह भारतीय सैनिकों को गुवाहटी में आर्मी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जिनका इलाज चल रहा है।

# सपा की निकलेगी हवा, निकाय चुनाव में भाजपा को मिलेगी बड़ी जीतः केशव मौर्या

**अद्भुत समाचार नेटवर्क**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि आगामी होने वाले निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बड़ी जीत मिलने जा रही है। ट्रिपल इंजन की सरकार बनने से निचले स्तर तक विकास होगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि यूपी में सपा का राजनीतिक भविष्य बेहतर नहीं है। सपा के गुब्बारे में हवा ज्यादा है। सपा की हवा जल्द निकलेगी। मैनपुरी में नेताजी के देहांत के



बाद सहानुभूति के कारण सपा को जीत मिली। केशव प्रसद मौर्य ने कहा कि आज देश का हर राज्य गुजरात माडल की चर्चा कर रहा है। हमारा भी प्रयास यही है कि उत्तर प्रदेश गुजरात जैसा बने। उन्होंने बताया कि इंवेस्टर्स समिट के फीडबैक सुखद हैं। कल मैं नीदरलैंड जा रहा हूँ। गौरतलब है कि इन दिनों उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री निवेश आमंत्रित करने विदेशों के दौरे पर जा रहे हैं।

# यूपी में गंदगी फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

लखनऊ। यूपी में अब गंदगी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। स्वच्छता में प्रदेश को नंबर वन बनाने के लिए अब योगी सरकार हर जरूरी कदम उठाने जा रही है। इसके लिए मुख्य मार्गों पर बने कूड़ा घरों को भी हटाया जायेगा। इसके साथ ही सभी जिलों में पार्कों को चिन्हित



कर सुंदरीकरण किया जायेगा। इस बारे में मंगलवार को प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सभी नगरीय निकाय और निगमों को निर्देश जारी कर दिया है। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहां की नगरीय जीवन को और श्रेष्ठ बनाने के लिए सभी को अभी और प्रयास करना है तथा वातावरण को और स्वच्छ बनाना है। राज्य के छोटे बड़े सभी शहरों की साफ–सफाई और सुंदरीकरण कार्य की जो मुहिम जारी रहेगी। मंत्री ने निर्देश दिया सफाई कार्यों में मशीनों का भी निरंतर प्रयोग किया जाय। इस दौरान मंत्री ने कहा कि अधिकांश सफाई कर्मचारी पांच बजे से नगरों की कई चरणों में साफ–सफाई कर उसे स्वच्छ बना रहे। शहरों में साफ–सफाई को निरंतर बनाए रखने के लिए आमजन की भी सहभागिता कराई जाए तथा जो भी गंदगी फैलाने से वाज नहीं आ रहे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जाए। उन्होंने सभी निकायों में कुछ प्रमुख जीवीपीएस प्वाइंट्स पर शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने का भी निर्देश दिया। नगर विकास मंत्री 'नगर सुशोभन अभियान' के समापन अवसर पर जल निगम के फील्ड हॉस्टल 'संगम' में वर्चुअल बैठक कर अधिकारियो को यह निर्देश दे रहे थे। मंत्री ने सुंदरीकरण एवं सफाई स्वच्छता के लिए स्वच्छ त्योहार उत्सव, नगरसेवा पखवाड़ा, नगर सेवा अभियान, '७५ घंटे, ७५ जिला,७५० निकाय' अभियान चलाए गए। विशेष सफाई अभियान के दौरान नगरों के ४००० कूड़ा स्थलों को साफ किया गया। लेकिन नगरीय जीवन को और श्रेष्ठ बनाने के लिए अभी और कार्य किया जाना है। इसमें सभी का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानों को गंदगी से बचाने के लिए वहां पर पार्क, उद्यान, पौधरोपण का कार्य कराया गया। सेल्फी प्वाइंट, काफी पॉइंट, फूड जोन, वेंडिंग जोन, चिल्ड्रन पार्क, लोगों के बैठने के स्थान, नेकी की दीवार बनाई गई। प्रदेश के सभी शहरों में जीवीपीएस को हटाकर वहां पर १२६५ पार्क–उद्यान, २६४ सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल, ६३ नेकी की दीवार, २६४ सेल्फी प्वाइंट, ६६ वेंडिंग जोन‚ फूड कोर्ट, ४१० जगहों पर दीवार पेंटिंग कराई गई। ऐसे स्थानों को सजाने के लिए वर्कशाप के पुराने टायरों, कबाड़ की पुरानी वस्तुओं का प्रयोग किया गया।

# दंपति ने राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान पर लगाया बच्चा बदलने का आरोप

लखनऊ। राजधानी में एक दंपति ने राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान (आरएमएलआईएमएस) में अपना बच्चा बदले जाने का आरोप लगाया है। दंपति ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों ने उनके बच्चे को एक लड़की से बदल दिया और नवजात लड़की को उन्हें सौंपने से पहले १,२०० रुपये की रिश्वत भी ली। इस मामले को लेकर आरएमएलआईएमएस प्रशासन ने आरोप से इनकार किया है और रिश्वत के आरोपों की जांच के आदेश दिए हैं। प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की प्रमुख प्रोफेसर स्मृति अग्रवाल को दी गई शिकायत में कमल कुमार रावत ने कहा कि उनकी पत्नी रेशम रावत ने ६ दिसंबर को अस्पताल में एक बच्चे




को जन्म दिया था। डिलीवरी के बाद उन्हें जो पेपर मिला, उस पर 'बॉय' लिखा हुआ था। लेकिन वहां के कर्मचारियों ने बाद में नवजात को एक बच्ची से बदल दिया और श्बयश् शब्द को हटा दिया। रावत ने शिकायती पत्र में कहा, मैं अपना बच्चा वापस चाहता हूं. हालांकि, अधिकारियों ने दस्तावेजों की पुष्टि करने के बाद बच्चे की अदला–बदली के आरोप से इनकार किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में केवल एक ओटी है और प्रसव के समय वहां मौजूद डॉक्टरों और कर्मचारियों ने पुष्टि की है कि महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया है और केवल एक को छोड़कर सभी दस्तावेजों में यही उल्लेख किया गया है। आरएमएलआईएमएस की प्रवक्ता निमिषा सोनकर ने कहा, जांच के आदेश दे दिए गए हैं, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# अखिलेश ने कहा कि बीजेपी वोट चाहती है तो फ्री में राशन देती है

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुये समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उसे जनता का वोट चाहिए तो मुफ्त में राशन, तेल, चना और नमक देती है, लेकिन वोट पाकर ये सब फायदे गायब हो जाते हैं। मैनपुरी और खतौली में हालिया संपन्न उपचुनाव में भाजपा की हार का जिक्र करते हुए अखिलेश ने कहा कि भगवा पार्टी को जनता के गुस्से का सामना करना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने रामपुर में घोर बेईमानी का सहारा लिया और चुनाव परिणामों को अपने पक्ष में कर लिया। सपा प्रमुख ने कहा कि वह और चाचा शिवपाल सिंह यादव भविष्य में एक साथ चुनाव लड़ेंगे और अधिक प्रभावी जीत दर्ज करेंगे। अखिलेश रविवार की शाम यहां पत्नी डिंपल यादव और बच्चों के साथ वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में पूजन और दर्शन करने आये थे। उन्होंने मंदिर पहुंचकर बांकेबिहारी के समक्ष स्वास्तिक चिन्ह बनाया और दीप जलाकर परिवार एवं देशेंप्रदेश की सुखेंसमृद्धि और शांति की कामना की। उन्होंने चुनावी मनोरथ पूर्ण होने पर ठाकुरजी को छप्पन भोग अर्पित किए। मंदिर के सेवायत ने उन्हें ठाकुरजी का प्रसाद एवं अंग वस्त्र भेंट किए। मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में डिंपल की जीत के बाद वह पहली बार मंदिर आये। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''भाजपा के जब जनता से वोट चाहिए था, तब तो उसने गरीबों को मुफ्त राशन के साथ तेल, चना, रिफाइंड,



गुड़, नमक आदि सब कुछ दिया, लेकिन जब वोट मिल गया तो सब साफ हो गया और मुफ्त का राशनेंपानी देना बंद कर दिया।'' उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि कुछ अमीर दोस्तों को छोड़कर वह सभी को गरीब बनाना चाहती है और वह इन्हीं नीतियों पर काम कर रही है। यादव ने भाजपा को युवाओं को रोजगार दिलाने के नाम पर आड़े हाथों लेते हुए कहा कि चुनावों से पहले तो उनके नेता बड़ेंबड़े सपने दिखा रहे थे, लेकिन अब युवा भटक रहे हैं और उन्हें कहीं कोई रोजगार नहीं मिल रहा है। उन्होंने हाल ही में हुए उप चुनावों में भाजपा की मैनपुरी लोकसभा व खतौली विधानसभा उप चुनावों में हुई करारी हार का जिक्र करते हुए कहा कि इसकी नाराजगी भी उन्हें इन चुनावों में झेलने को मिली। यादव ने आरोप लगाया कि हालांकि उन्होंने रामपुर में घोर बेईमानी कर चुनाव परिणाम अपने पक्ष में करा लिया। रामपुर सदर सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आकाश सक्सेना ने सपा के असीम राजा को हरा दिया। मुस्लिम बहुल रामपुर सदर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की यह पहली जीत है, जहां से सपा नेता आजम खान लगातार दस बार निर्वाचित हुये थे। उन्होंने बसपा प्रमुख मायावती पर भी तंज कसा कि वह कांशीराम के दिखाए रास्ते से भटक गई हैं। चाचा शिवपाल से भावी दिनों में रिश्ता बनाए रखने से संबंधित सवाल पर उन्होंने कहा कि आप सभी देखेंगे कि हम चाचोंभतीजा एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे और पहले से ज्यादा प्रभावशाली ढंग से जीत कर दिखाएंगे। मुलायम सिंह यादव की मृत्यु के कारण हुए मैनपुरी उपचुनाव में डिंपल की जीत सुनिश्चित करने के लिए चाचा–भतीजा (शिवपाल और अखिलेश) एक बार फिर से एकजुट हो गए थे।

## डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में ४ शोधार्थियों को मिली पीएचडी की उपाधि

लखनऊ। डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की ओर से मंगलवार को चार शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि दिए जाने की घोषणा की गई है। इस संबंध में विद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राणा कृष्णपाल सिंह ने बताया पीएचडी की उपाधि पाने वाले छात्रों के विषय में अधिसूचना जारी कर दी गई है। कुलपति के मुताबिक कला एवं संगीत संकाय के अंतर्गत अर्थशास्त्र विभाग में प्रशांत सक्सेना ने डॉ अभिषेक पांडेय के मार्गदर्शन में 'ए स्टडी ऑफ ट्रेड रिलेशन्स बिटवीन इंडिया एंड साउथ अफ्रीका इन पोस्ट डब्लूटीओ रेजिम' विषय पर पीएचडी उपाधि प्राप्त की है। वहीं वाणिज्य संकाय के अंतर्गत प्रबंधशास्त्र विभाग में फवाद अली खान ने डॉ नागेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में ''ए स्टडी ऑन क्रिएटिंग ब्रांड इक्विटी स्ट्रेटेजिक गामिफिकेशन मार्केटिंग विद् स्पेसिफिक रिफरेन्स टू स्पोर्ट्स प्रोडक्ट्स'' विषय पर पीएचडी उपाधि प्राप्त की है। वहीं कला एवं संगीत संकाय के अंतर्गत अर्थशास्त्र विभाग में निधि सोनी ने डॉ राशि कृष्णा सिन्हा के मार्गदर्शन में ''ग्रोथ एण्ड स्ट्रक्चर ऑफ पब्लिक एक्सपेंडिचर ऑन



दी डेवलपमेंट ऑफ डिसेबल्ड पर्सनस इन उत्तर प्रदेश'' विषय पर पीएचडी उपाधि प्राप्त की है। चौथे छात्र कला एवं संगीत संकाय के अंतर्गत राजनीति विज्ञान विभाग में शिव प्रताप यादव ने डॉ ममता यादव के मार्गदर्शन में ''काम का अधिकार सामाजिक और आर्थिक न्याय का वाहक'' विषय पर पीएचडी उपाधि प्राप्त की है।

## हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल, कमिश्नर ने दिए जांच के आदेश

लखनऊ। राजधानी में हर्ष फायरिंग का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हर्ष फायरिंग का एक ताजा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस कमिश्नर ने जांच के आदेश दिए हैं। एक गेस्ट हाउस में आयोजित एक पार्टी के दौरान सालों के साथ खड़ा एक शख्स वीडियो में हर्ष फायरिंग करते दिख रहा है। हालांकि वायरल हो रहे वीडियो की पुष्टि अद्भुत सूचार नहीं कर रहा है। यह वीडियो मड़ियांव थानाक्षेत्र अन्तर्गत के एक गेस्ट हाउस का बताया जा रहा है। मड़ियांव कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह ने बताया वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है जांच की जा रही है। बता दें वीडियो में एक शख्स कई राउंड फायरिंग करते आया नजर आ



रहा है। बड़ी बात यह है कि जिस समय फायरिंग कर रहा है गेस्ट हाउस में काफी संख्या में लोग मौजूद दिखाई पड़ रहे हैं। बताया जा रहा की वायरल वीडियो मड़ियांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत भारत मैरिज लॉन का है। गेस्ट हाउस मालिक को पूछताछ के लिए बुलाया है।

# छात्रवृत्ति आवेदन के लिए यूपी में छात्रों को मिली बड़ी राहत, मिला एक और मौका

लखनऊ। संस्थानों एवं छात्र–छात्राओं की ओर से छात्रवृत्ति पोर्टल पुनः खोले जाने की मांग ध्यान में रखते हुए समाज कल्याण विभाग की ओर से संशोधित समय–सारिणी जारी करते हुए छात्रवृत्ति पोर्टल को खोल दिया गया है। जारी समय–सारिणी के अनुसार छात्र–छात्राओं को अनलाइन आवेदन के लिये अंतिम अवसर प्रदान करते हुए आवेदन तिथि पुनः बढ़ाकर २६ दिसम्बर कर दी गई है। अग्रसारण के बाद एनआईसी द्वारा स्क्रूटनी कर शुद्ध एवं संदेहास्पद डाटा जिला समाज कल्याण अधिकारी के लॉगिन पर उपलब्ध कराया जायेगा। संदेहास्पद डाटा को कारण सहित छात्रछात्राओं के लॉगिन पर भी प्रदर्शित किया जाएगा जिसके आधार पर छात्रों द्वारा त्रुटियों को १६ जनवरी से २७ जनवरी २०२३ तक सही कर हार्डकपी संस्थान में पुनः सत्यापन के लिए जमा की जा सकेगी। इस बार संस्थानों के स्तर पर मास्टर डाटा अपडेशन हेतु भी तिथि बढ़ाई गई है। जिसके अनुसार प्रदेश में स्थित मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान १६ दिसम्बर तक मास्टर डाटा में पाठ्यक्रम, उसका प्रकार, कुल सीटें,सक्षम स्तर से निर्धारित शुल्क,आदि अपडेट कर सकेंगे। जिससे अध्ययनरत छात्र मास्टर डाटा में शामिल संस्थान एवं कोर्स को सेलेक्ट कर आवेदन कर सकें। मास्टर डाटा अपडेट न कर पाए सभी संस्थानों को विभाग द्वारा ईमेल एवं एसएमएस द्वारा मास्टर डाटा अपडेट किए जाने के संदेश भी भेजे जा रहे है ताकि किसी भी स्तर से कोई भी छात्र आवेदन से छूटने न पाए। बता दें की बीते २ मई को जारी समय–सारिणी की अनुसार आवेदन करने वाले छात्रों को २८ दिसम्बर तक तथा नवीन समय सारिणी के अनुसार आवेदन करने वाले छात्रों को २० मार्च २०२३ तक छात्रवृत्ति आधार सीडेड व एनपीसीआई मैप्ड बैंक खातों में सीधे भेजी जाएगी।

## जेडीयू ने इस मंत्री को दी बड़ी जिम्मेदारी, बनाया यूपी प्रभारी

लखनऊ। जनता दल यूनाइटेड यानी जेडीयू ने अपना यूपी प्रभारी तय कर दिया है। पार्टी की तरफ से मंगलवार को इसके लिए श्रवण कुमार के नाम की घोषणा कर दी गयी है। बताते चलें कि वर्तमान में श्रवण कुमार बिहार सरकार में मंत्री हैं। उनके जिम्मे ग्रामीण विकास मंत्रालय विभाग है। गौरतलब है कि यूपी में निकाय चुनाव होने वाले हैं साथ ही आगामी लोकसभा के चुनावों को लेकर भी राजनीतिक दल अपनी गतिविधियां शुरू कर



चुके हैं। सूत्रों के अनुसार जेडीयू अपने आप को प्रदेश में जमीनी स्तर पर मजबूत करने में लगी हुई है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से दो लाख रुपये ठगे

लखनऊ। राजधानी में एक युवक के साथ करीब २ लाख १२ हजार रुपये की ठगी की गयी है। युवक को पेंसिल बनाने की कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगा गया है। पीड़ित की शिकायत पर बाजार खाला थाना पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। लखनऊ के रहने वाले उकाशा खान पुत्र अताउल्लाह खान भदेवां निवासी ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि करीब १ महीने पहले अखबार में प्रचार कलम में विज्ञापन निकला था कि हिंदुस्तान नटराज पेंसिल की पैकिंग कार्य के लिए घर बैठे लड़के लड़कियों की आवश्यकता है।दिए गए नंबर पर बात करते हुए जब करने की इच्छा जाहिर की तो उससे रजिस्ट्रेशन के नाम पर पैसे देने के लिए कहा गया। उकाशा के अनुसार कुल आठ बार में २१२३१६ रुपये साइबर कैफे से अनलाइन पैसे बताए गए नंबरों पर ट्रांसफर किए गए। कुल २१२३१६ रुपए ट्रांसफर करने के बाद ठगों ने उससे बातचीत बंद कर दी। उसने कई बार फोन भी लगाया, लेकिन मोबाइल फोन स्विच अफ मिला। पुलिस का कहना है कि युवक ने जिन बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर किए उन खातों की जानकारी जुटाई जा रही है, उसी आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# १०० दिन पूरा करेगी 'भारत जोड़ो यात्रा, जयपुर में होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

नई दिल्ली। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा' शुक्रवार को १०० दिन पूरे कर रही है और इस मौके पर प्रदेश की राजधानी जयपुर में सांस्ंतिक कार्यक्रम भारत जोड़ो कंसर्ट का आयोजन किया जायेगा और यात्रा की अगुवाई कर रहे राहुल गांधी संवाददाताओं को संबोधित करेंगे। कांग्रेस महासचिव ने इसकी जानकारी दी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मंगलवार को यहां बताया कि १६ दिसंबर यानी शुक्रवार को 'भारत जोड़ो यात्रा' के १०० दिन पूरे हो जाएंगे और यह एक मील का पत्थर होगा। उन्होंने कहा कि इस दिन राहुल गांधी दोपहर में दौसा में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करेंगे और इस दिन यात्रा में उनके साथ हिमाचल प्रदेश के नव निवार्चित मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू तथा वहां के कांग्रेस विधायक भी शामिल होंगे। वहीं शाम को कांग्रेस पार्टी जयपुर में एक संगीत कार्यक्रम आयोजित करेगी जिसमें बलीवुड गायिका सुनिधि चौहान प्रस्तुति देंगी। इसमें राहुल गांधी, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व अन्य नेता भी मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि यह यात्रा सात सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू हुई थी और



इस समय राजस्थान से गुजर रही है। रमेश ने बताया कि १६ दिसंबर को अलवर में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री नमोनारायण मीणा ने कहा, "यात्रा को जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। युवाओं, किसानों और अन्य लोगों को राहुल गांधी से उम्मीद है कि वह उनके साथ न्याय करेंगे।" उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य शांति, प्रेम एवं भाईचारे का संदेश देना और आम लोगों से जुड़े मुद्दों को उठाना है। सभी राहुल गांधी को उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि यात्रा में मिलने वाली प्रतिपुष्टि (फीडबैक) से सरकार को अवगत कराया जाएगा। रमेश ने सवाई माधोपुर के अमरूद के स्वाद की भी प्रशंसा की और कहा कि उन्हें यह जानकर आश्चर्य हुआ कि प्रदेश का यह जिला अमरूद की खेती में अग्रणी है। उन्होंने यह भी कहा कि इस क्षेत्र में अमरूद प्रसंस्करण इकाइयों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। वहीं मंगलवार को यह यात्रा सवाई माधोपुर के जीनापुर से दोबारा शुरू हुई। सुबह के चरण में राहुल गांधी ने मुस्लिम युवाओं व दलित युवाओं के दो समूहों से अलग अलग बात की। राहुल ने उनके उठाए मुद्दों को सुना। यात्रा के शाम के चरण में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स व उद्यमियों तथा आदिवासी समुदाय के युवाओं ने अलग समूह में चलते हुए राहुल से बात की। एक प्रवक्ता के अनुसार यात्रा में दोपहर में विराम के दौरान राहुल ने राजस्थान में दलित समुदाय के विकास एवं कल्याण के लिए काम कर रहे अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी, सेंटर फर दलित राइट्स, राजस्थान वाल्मीकि मंच, उड़ान मानव सेवा समिति, आगाज फाउंडेशन, राइट्स रिसर्स सेंटर, अंबेडकर स्टडी सेंटर– जय नारायण व्यास यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों एवं इस समुदाय से जुड़े कई अन्य लोगों से बातचीत की। इस बीच पार्टी ने एक बयान जारी कर बताया कि बातचीत के दौरान इन लोगों ने राजस्थान में कांग्रेस सरकार द्वारा दलितों के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की और कुछ बेहतर सुझाव दिए और राहुल गांधी के समक्ष कुछ मांगे भी रखी गई। बयान में कहा गया है कि राहुल गांधी ने उनकी सभी बातें सुनी और साथ बैठे मुख्यमंत्री से राज्य स्तर की जो समस्याएं थी उनके समाधान का अनुरोध किया। इसके अनुसार, राहुल गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान को संविधान दलितों ने दिया, इसे कभी भूलना नहीं चाहिए। पार्टी के बयान के मुताबिक, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि हिंदुस्तान में सत्ता का जो ढांचा है, चाहे वह प्रशासन हो, न्यायपालिका हो या मीडिया हो, उनमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की भागीदारी उतनी नहीं है जितनी होनी चाहिए। इसमें कहा गया है कि राहुल ने कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर के दिखाए रास्तों पर चलकर ही इस स्थिति को बदला जा सकता है।

## भाजपा की सिक्किम इकाई के प्रमुख ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व से मोहभंग के कारण इस्तीफा दिया है

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सिक्किम इकाई के प्रमुख डी बी चौहान ने मंगलवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद इस्तीफा दे दिया। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश इकाई के प्रति भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की उदासीनता के कारण यह कदम उठाने के लिये वह मजबूर हुए। चौहान ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने सिक्किम में प्रेम सिंह तमांग सरकार में शामिल होने की प्रदेश इकाई की ''उचित मांग'' को नहीं सुना, जबकि सत्तारूढ़ सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) स्वयं भाजपा के साथ गठबंधन करना चाहता था। उन्होंने बताया, ''पार्टी की राज्य इकाई के कामकाज को प्रभावित करने वाले विभिन्न मुद्दों का हल करने के प्रति केंद्रीय नेतृत्व के उदासीन रवैया के कारण पूरी तरह से मोहभंग होने के बाद मैं भाजपा की सिक्किम इकाई के अध यक्ष पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे रहा हूं।'' चौहान ने दावा किया, ''मैंने व्यक्तिगत रूप से (पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी) नड्डा जी से मिल कर भाजपा के १२ विधायकों को सिक्किम सरकार में शामिल किये जाने का मुद्दा उठाया था, लेकिन जाहिर तौर पर उन्होंने इस मुद्दे को सिक्किम के मुख्यमंत्री के समक्ष नहीं उठाया।'' केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो महीने पहले अपनी सिक्किम यात्रा के दौरान पार्टी की प्रदेश इकाई के नेताओं से मिलने के लिए पांच मिनट का समय तक नहीं दिया था। उन्होंने बताया कि इससे पता चलता है कि केंद्रीय नेतृत्व का पार्टी की राज्य इकाई के प्रति क्या रवैया है। चौहान ने कहा कि राज्य में भाजपा के १२ विधायक होने के बावजूद पार्टी का नेतृत्व किसी को विधायक दल का नेता नियुक्त करने में विफल रहा है। चौहान ने करीब छह साल तक प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है।

## अब 'पप्पू' कौन है? अर्थव्यवस्था को लेकर लोकसभा में महुआ मोइत्रा ने उठाए सवाल

नई दिल्ली। भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा



ने लोकसभा में काफी तीखे सवाल उठाए। केंद्र के बजट अनुमानों से ज्यादा फंड्स की जरूरत बताने पर मोइत्रा ने कहा कि सरकार और सत्ताधारी पार्टी ने पप्पू शब्द का अविष्कार किया। टीएमसी लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा ने आर्थिक और रोजगार परिश्य पर केंद्र से सवाल करने के लिए देश के औद्योगिक उत्पादन में गिरावट दिखाने वाले सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि अब श्पप्पूश् कौन है। २०२२–२३ के लिए अतिरिक्त अनुदान की मांगों पर संसद के निचले सदन में एक बहस में भाग लेते हुए, मोइत्रा ने नरेंद्र मोदी सरकार पर भारत के विकास के बारे में 'झूठ' फैलाने का आरोप लगाया और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से अर्थव्यवस्था पर नियंत्रण करने की अपील की। उन्होंने हाल ही में संपन्न हिमाचल प्रदेश विध ाानसभा चुनाव में भाजपा की हार को लेकर भी निशाना साध ाा और कहा कि सत्ताधारी पार्टी के अध्यक्ष अपने गृह राज्य पर कायम नहीं रह सकते। थ्अब पप्पू कौन है? हिमाचल प्रदेश भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का गृह राज्य है और चुनाव में कांग्रेस ने उनकी पार्टी से राज्य छीन लिया। केंद्र को आर्थिक मोर्चे पर घेरने की मांग करते हुए, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद ने कहा, "इस सरकार और सत्तारूढ़ दल ने पप्पू शब्द गढ़ा। आप इसका उपयोग अत्यधिक अक्षमता को बदनाम करने और दर्शाने के लिए करते हैं। लेकिन आंकड़े बताते हैं कि असली पप्पू कौन है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (छैव्) द्वारा जारी किए गए नवीनतम आंकड़ों का हवाला देते हुए, मोइत्रा ने दावा किया कि अक्टूबर में देश का औद्योगिक उत्पादन चार प्रतिशत घटकर २६ महीने के निचले स्तर पर आ गया, लेकिन विनिर्माण क्षेत्र, जो अभी भी नौकरियों का सबसे बड़ा उत्पादक है। ", ५.६ प्रतिशत तक सिकुड़ गया है।

## कोविड में हुई मौतों की न्यायिक जांच कराने की मांग खारिज

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कोविड के दूसरी लहर के दौरान हुई मौतों की जांच के लिए न्यायिक आयोग गठित करने का आदेश देने की मांग वाली एक याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया है। न्यायालय ने कहा कि याची को सही प्रार्थना के साथ याचिका दाखिल करनी चाहिए थी। यह आदेश न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय व न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता वीपी नागौर की ओर से दाखिल रिट याचिका पर पारित किया। याचिका में कहा गया कि याची की पुत्री की कोविड की दूसरी लहर के दौरान मृत्यु हो गई थी। याचिका में वर्ष २०२० में राज्य सरकार द्वारा जारी किये गए अध्यादेस व रेग्युलेशन्स को भी संविधान के विरुद्ध बताते हुए खारिज करने की मांग की गई थी। सरकार की ओर से याचिका का मुख्य स्थाई अधिवक्ता तृतीय रवि सिंह सिसोदिया ने विरोध किया। दलील दी गई कि याचिका बेहद सतही तरीके से दाखिल की गई है। याची ने इस तथ्य की भी जानकारी नहीं ली है कि जिस अध्यादेश को वह चुनौती दे रहा है, वह पहले ही अधिनियम का रूप ले चुका है तथा रेग्युलेशन्स की समय सीमा ३१ मार्च २०२२ को ही समाप्त हो चुकी है। यह भी तर्क दिया गया कि जहां तक कोविड के दौरान मौतों की न्यायिक जांच का प्रश्न है, सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दाखिल हुईं जिन पर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को कोविड से हुई मौत के सम्बंध में सर्टिफिकेट जारी करने की बात कही थी जिसमें कोविड से मौत हो जाने का उल्लेख करने को भी कहा गया था, ऐसे में कोविड से दूसरे लहर में हुई मौतों की जांच की मांग का कोई औचित्य नहीं है।

## गोंडा में बस पलटीः ४० घायल, आठ की हालत गंभीर

**अद्भुत समाचार नेटवर्क**

गोंडा। उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र में डबल डेकर बस के सोमवार को पलट जाने से ४० यात्री घायल हो गये जिनमें आठ की हालत गंभीर बनी हुयी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दिल्ली से गोंडा आ रही वैशाली बस भम्भुआ क्रसिंग के पास खराब खड़े ट्रैक्टर से टकरा कर पलट गयी। इस हादसे में बस सवार ४० यात्री घायल हो गये। इनमें आठ की हालत गम्भीर बतायी गयी है। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया है।

# संसद पर आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को लोकसभा-राज्यसभा ने दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली। संसद के दोनों सदनों ने १३ दिसंबर २००१ को संसद पर हुए आतंकी हमले के शहीदों को मंगलवार को भावभीनी श्रद्धांजलि दी और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रखने का संकल्प दोहराया। दोनों सदनों के सदस्यों ने कुछ पल मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। लोकसभा की कार्यवाही आरंभ होने पर अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, ''हम उस घटना का दुखद स्मरण करते हैं जब संसद पर कायरतापूर्ण हमला हुआ था। हम उन जवानों की वीरता का भी स्मरण करते हैं जिन्होंने इस हमले को विफल कर दिया।'' उन्होंने कहा, ''हम संसद सुरक्षा सेवा, दिल्ली पुलिस, केंद्रीय पुलिस बल के रिजर्व बल के शहीद आठ जवानों को सर्वोच्च बलिदान का भी स्मरण करते हैं। यह सभा शहीदों को श्रद्धांजलि देती है और उनके परिवारों के साथ खड़ी है।''



बिरला ने कहा, ''इस अवसर पर हम आतंकवाद सामना करने के अपने संकल्प को दोहराते हैं तथा अपने देश की राष्ट्रीय संप्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा की शपथ को भी दोहराते हैं।'' उधर, राज्यसभा की कार्यवाही कार्यवाही शुरू होते ही उपसभापति हरिवंश ने कहा कि १३ दिसंबर को स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे खराब दिन के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि २१ साल पहले २००१ में आतंकवादियों ने लोकतंत्र के इस मंदिर पर हमला कर दिया था लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने वीरता और बहादुरी का परिचय देते हुए संसद की रक्षा की और हमारे देश की आत्मा पर हमला करने के आतंकवादियों के दुस्साहसिक प्रयास को विफल कर दिया। उपसभापति ने कहा, ''तब से इस दिन, हम न केवल इस कायरतापूर्ण कृत्य में शहीद हुए लोगों के प्रति अपनी गहरी सहानुभूति व्यक्त करते हैं, बल्कि आतंकवाद के सभी रूपों की अपनी स्पष्ट निंदा को भी दोहराते हैं।'' उन्होंने कहा कि आतंकवाद हर जगह सभी लोगों के लिए खतरा है और वह शांति एवं सुरक्षा को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के सभी`त्य आपराधिक, अमानवीय और अनुचित हैं और आतंकवाद पर देश के अंतरराष्ट्रीय रुख में यह आह्वान भी किया गया है कि इसे बुरे या अच्छे के रूप में वर्गीकृत करने पर रोक लगनी चाहिए। हरिवंश ने यह भी कहा, ''आतंकवाद का साया अभी भी मानवता को परेशान करता है और पिछले कुछ वर्षों में आतंकवादी खतरों ने एक घातक चरित्र ग्रहण कर लिया है, जिससे दुनिया भर के देशों के लिए इस खतरे से निपटना मुश्किल हो गया है।'' गौरतलब है कि १३ दिसंबर २००१ को लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों ने संसद पर हमला किया था। इस हमले में आतंकवादियों का मुकाबला करते हुए दिल्ली पुलिस के पांच जवान, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक महिला कर्मी और संसद के दो कर्मी शहीद हुए थे। एक कर्मचारी और एक फोटो पत्रकार की भी हमले में मौत हो गई थी।

# भूपेंद्र पटेल ने दूसरी बार गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली

अहमदाबाद। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता भूपेंद्र पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में सोमवार यानी आज गांधीनगर में गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में पटेल का यह लगातार दूसरा कार्यकाल है। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने नए सचिवालय के पास हेलीपैड ग्राउंड में आयोजित एक समारोह में पटेल को राज्य के १८वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलायी। हाल में संपन्न हुए गुजरात के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने १८२ में से रिकर्ड १५६ सीट जीती हैं। यह गुजरात के विधानसभा चुनाव में भाजपा की लगातार सातवीं जीत है। कांग्रेस को १७ और आम आदमी पार्टी (आप) को पांच सीट पर जीत मिली है। पटेल (६०) ने अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया था, ताकि राज्य में नई सरकार के गठन का रास्ता साफ हो सके। उन्हें शनिवार को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया था, जिसके बाद उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात करके अगली सरकार बनाने का दावा पेश किया था। पटेल ने घाटलोडिया सीट पर १.९२ लाख मतों के अंतर से अपने प्रतिद्वंद्वी को मात दी। पटेल को पिछले साल सितंबर में विजय रूपाणी के इस्तीफे के बाद राज्य की कमान मिली थी।

# लेफ्टिनेंट जनरल वी साबिद सैयद ने बहादुर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। लेफ्टिनेंट जनरल वी साबिद सैयद ने कमांडेंट आर्मी मेडिकल कोर सेंटर और कलेज एंड अफिसर-इन-चार्ज एएमसी रिकर्ड्स का पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी मातृभूमि की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर सैनिकों को सेना चिकित्सा कोर केंद्र एवं कलेज लखनऊ के युद्ध स्मारक श्श्रद्धांजलिश पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी । इस समारोह में आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एंड कलेज, लखनऊ के अधिकारियों, जूनियर कमीशंड अधिकारियों, जवानों और रंगरूटों ने भाग लिया। जनरल अफिसर को १० जनवरी १९८६ को आर्मी मेडिकल कोर में नियुक्त किया गया था। उन्होंने एमसीजी मेडिकल कलेज, बेरहामपुर से एमबीबीएस की डिग्री और एसएसजीएच और मेडिकल कलेज (बड़ौदा) से एमडी (पीएसएम) की डिग्री हासिल की। उन्होंने अपने लंबे और शानदार करियर में सशस्त्र बलों की विभिन्न प्रशासनिक और पेशेवर नियुक्तियों में काम किया है। सेना चिकित्सा कोर केंद्र और कलेज के कमांडेंट और सेना चिकित्सा कोर के अभिलेख, प्रभारी अधिकारी के रूप में कार्यभार संभालने से पहले जनरल आफिसर मुख्यालय पश्चिमी कमान में मेजर जनरल (मेडिकल) के पद पर तैनात थे।

# चीनी अतिक्रमण प्रयास का सेना ने दृढ़ता से जवाब दिया : राजनाथ

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि चीन के सैनिकों ने नौ दिसंबर को तवांग सेक्टर में यांग्त्से क्षेत्र में यथास्थिति बदलने का एकतरफा प्रयास किया जिसका भारत के जवानों ने ढ़ता से जवाब दिया और उन्हें लौटने के लिए मजबूर किया। रक्षा मंत्री ने बताया कि इस झड़प में किसी भी सैनिक की मृत्यु नहीं हुई है और न ही कोई गंभीर रूप से घायल हुआ है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को चीनी पक्ष के साथ कूटनीतिक स्तर पर भी उठाया गया है और इस तरह की कार्यवाई के लिये मना किया गया है। अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प के मुद्दे पर निचने सदन में दिये बयान में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस घटना के पश्चात क्षेत्र के स्थानीय कमांडर ने ११ दिसम्बर २०२२ को अपने चीनी समकक्ष के साथ स्थापित व्यवस्था के तहत एक फ्लैग मीटिंग की और इस घटना पर चर्चा की। रक्षा मंत्री ने कहा, इस मुद्दे को चीनी पक्ष के साथ कूटनीतिक स्तर पर भी उठाया गया है। उन्होंने कहा, मैं इस सदन को आश्वस्त करना चाहता हूँ कि हमारी सेनाएँ हमारी भौमिक (सीमाओं की) अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, और इसके खिलाफ किसी भी प्रयास को रोकने के लिए सदैव तत्पर हैं' सिंह ने कहा, मुझे विश्वास है, कि यह सदन हमारी सेनाओं की वीरता और साहस को एक स्वर से समर्थन देगा। रक्षा मंत्री के बयान के बाद विपक्षी सदस्य इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण और चर्चा कराने की मांग कर रहे थे। कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, द्रमुक के टी आर बालू, एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी को अपनी बात रखते देखा गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हालांकि स्पष्टीकरण की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि सदन को सेना की वीरता पर एक स्वर से बोलना चाहिए। इसके बाद कुछ विपक्षी दलों ने सदन से वाकआउट भी किया।

# ज्योतिरादित्य सिंधिया ने किया दिल्ली एयरपोर्ट का औचक निरीक्षण

नई दिल्ली। दिल्ली हवाईअड्डे पर अव्यवस्था और भीड़ के कुप्रबंधन की बढ़ती शिकायतों के बीच नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ) ने सोमवार को हवाई अड्डे का औचक दौरा किया। सूत्रों ने बताया कि मंत्री ने अधिकारियों और हवाई अड्डे के संचालक को विशेष रूप से पीक आवर्स के दौरान भीड़ प्रबंधन के लिए तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। सूत्रों ने कहा कि अधिकारियों को प्रवेश द्वारों की संख्या बढ़ाने और चेक-इन प्वाइंट पर मशीनों की संख्या बढ़ाने की सलाह दी गई है। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों को पीक टाइम के दौरान उड़ानों की संख्या कम करने के लिए कहा गया है। इससे पहले पिछले सप्ताह के दौरान नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने हवाई अड्डे के संचालक डायल के साथ मिलकर हवाई अड्डे पर तत्काल उपचारात्मक उपायों के रूप में ४-सूत्रीय कार्य योजना बनाई थी।



योजना के अनुसार मौजूदा १४ एक्स-रे स्क्रीनिंग सिस्टम को बढ़ाकर १६ किया जाएगा। रिजर्व लाउंज विध्वंस और एक एटीआरएस मशीन और व मानक एक्स-रे मशीन भी जोड़ी जाएंगी। इस योजना में दो प्रवेश प्वाइंट भी शामिल हैं। गेट १ए और गेट ८बी को यात्रियों के उपयोग के लिए परिवर्तित किया जाएगा। पीक अवर प्रस्थान को घटाकर १४ करने के लिए उड़ानों की डिबंचिंग की जाएगी। गौरतलब है कि कुछ दिनों में विमानन यातायात में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है और दिल्ली और मुंबई सहित कई हवाई अड्डों पर यात्रियों की लंबी कतारें लगने लगी हैं। यात्रियों की संख्या प्रति दिन चार लाख के आंकड़े को पार कर चुकी है। दिल्ली हवाई अड्डा देश के सबसे व्यस्ततम हवाई अड्डों में से एक है। यहां प्रतिदिन १,१०० से अधिक उड़ानें संचालित होती हैं। टी३ टर्मिनल सबसे व्यस्त है। १-७ दिसंबर के बीच टी३ टर्मिनल से लगभग ५०० घरेलू और २५० अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें संचालित हुई। सूत्रों ने कहा कि भीड़ को ध्यान में रखते हुए अपरेटरों ने टी३ टर्मिनल से उड़ानों को स्थानांतरित करने की योजना बनाई है। इसके पहले ७ दिसंबर को हवाई अड्डों पर यात्रियों को होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विभिन्न हितधारकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में की थी। बैठक में सीआईएसएफ, बीसीएएस और हवाई अड्डे के संचालकों सहित विभिन्न हितधारकों ने भी भाग लिया था।

# डिंपल यादव ने ली संसद सदस्यता की शपथ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी संसदीय सीट पर हुए उपचुनाव को हाल ही में जीतने वाली डिंपल यादव ने आज लोकसभा की सदस्यता की शपथ ली। शपथ लेने के बाद उन्होंने संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सदन में महंगाई और उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा से जुड़े मुद्दे उठाये जाएंगे और मैनपुरी में विकास कार्यों को तवज्जो दी जायेगी। हम आपको बता दें कि डिंपल यादव के शपथ ग्रहण के दौरान उनके पति और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी संसद भवन पहुँचे थे। सपा के अन्य सांसद डिंपल का स्वागत करते और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाते नजर आये। डिंपल भी संसद में अपनी दूसरी पारी के दौरान काफी खुश दिखीं। अखिलेश ने भी संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत की। उनसे



सवाल किया गया था कि नीतीश कुमार ने भाजपा मुक्त भारत बनाने की जो बात कही है वह हकीकत कैसे बनेगी, तो उन्होंने कहा कि सब मिलकर लड़ेंगे तो यह हकीकत बन सकती है। अब अखिलेश बात तो भाजपा के विरोध की कर रहे हैं। लेकिन बसपा प्रमुख मायावती ने आरोप लगा दिया है कि समाजवादी पार्टी ने भाजपा के साथ गठबंधन कर लिया है। दरअसल मायावती ने ट्वीट कर कहा है कि यूपी के मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में सपा की हुई जीत किन्तु रामपुर विधानसभा उपचुनाव में आजम खघन की खघस सीट पर योजनाबद्ध कम वोटिंग करवा कर सपा की पहली बार हुई हार पर यह चर्चा काफी गर्म है कि कहीं यह सब सपा व भाजपा की अन्दरुनी मिलीभगत का ही परिणाम तो नहीं? मायावती के इस ट्वीट ने नये विवाद को जन्म दे दिया है। इस पर सपा और भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।

# राष्ट्र संसद पर आतंकी हमले में शहीद जवानों का ऋणीः राष्ट्रपति

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने २००१ में संसद पर हुए आतंकी हमले में शहीद जवानों को मंगलवार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि राष्ट्र इन बहादुर शहीदों के बलिदान के लिये हमेशा उनका ऋणी रहेगा। राष्ट्रपति भवन ने मुर्मू के हवाले से ट्वीट किया, राष्ट्र उन बहादुर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है जिन्होंने २००१ में आज के ही दिन आतंकी हमले से संसद की सुरक्षा करते हुए अपना जीवन बलिदान कर दिया था। उन्होंने कहा, हम इन बहादुर जवानों के साहस और सर्वोच्च बलिदान के लिये हमेशा उनके आभारी रहेंगे। २१ वर्ष पूर्व आज ही के दिन लश्कर–ए–तैयबा और जैश–ए–मोहम्मद के आतंकवादियों ने संसद पर हमला किया था। इस हमले में आतंकवादियों का मुकाबला करते हुए दिल्ली



पुलिस के पांच जवान, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक महिला कर्मी और संसद के दो कर्मी शहीद हुए थे। एक कर्मचारी और एक फोटो पत्रकार की भी हमले में मौत हो गई थी।

# एलडीए के अवैध निर्माणों की कार्रवाई

लखनऊ। लखनऊ शहर में व्यवसायी लाभ कमाने के उद्देश्य से चोरी छुपे अवैध रूप से बिल्डिंग बनाते जा रहे हैं। जिसकी सूचना मिलने पर एलडीए के अभियंताओं के स्तर पर कार्रवाई भी की जा रही है। एलडीए ने बीते ७२ घंटों में कानपुर रोड पर दो, निशातगंज में एक और जानकीपुरम में दो अवैध निर्माणों को सील किया है। जानकीपुरम क्षेत्र में नहर रोड पर अमरीश चौधरी, सरोज देवी व अन्य ने अवैध रूप से बिल्डिंग बनायी थी और जिसके बाद एलडीए ने नोटिस दी। नोटिस मिलने के बाद अमरीश चौधरी ने एलडीए में दौड़ तो लगायी लेकिन तभी तक उनके विरुद्ध कार्रवाई की तैयारी हो गयी। उस क्षेत्र की एलडीए टीम ने अवैध रुप से बनी बिल्डिंग को सील कर दिया। इसी तरह जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर सात में एक जमीन पर अवैध रुप से निर्माण कार्य कराया गया, जिसे भी एलडीए ने सील कर कार्रवाई की। निशातगंज क्षेत्र में न्यू हैदराबाद कालोनी में एलडीए ने उस समय कार्रवाई की, जब एलडीए के अधिकारियों को सूचना मिली कि प्रदीप मिश्रा व समीर मिश्रा ने बिना नक्शा पास कराये ही अवैध रुप से निर्माण करा दिया है। इस सूचना के आधार पर जांच करने पर मौके पर अवैध निर्माण पाया गया, तभी अवर अभियंता शिव कुंवर ने सील की कार्रवाई पूरी करायी। एलडीए के अवैध निर्माणों की कार्रवाई का क्रम बीते एक माह में तीस से ज्यादा अवैध निर्माणों को चिन्हित कर उसके विरुद्ध नोटिस व सील की कार्रवाई की गयी है। अवर अभियंता स्तर से लेकर एलडीए के सचिव स्तर के अधिकारी भी अवैध रुप से किसी निर्माण कार्य को रोकने के लिए दिनरात दौड़ लगा रहे हैं। बीते दिनों चौक क्षेत्र में एक अवैध निर्माण के विरुद्ध कार्रवाई के दौरान एलडीए के उपाध्यक्ष डा. इन्द्रमणि त्रिपाठी भी पहुंचें थे।

# फरार सपा प्रवक्ता की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी में पुलिस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके गुरु स्वर्गीय महंत अवैद्यनाथ के खिलाफ १२ नवंबर को एक टीवी डिबेट के दौरान कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में लखनऊ पुलिस ने समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता अनुराग भदौरिया के आवास पर संपत्ति कुर्की का नोटिस चस्पा किया है। चिनहट इलाके में उनके फार्म हाउस पर भी नोटिस चस्पा किया गया है। भदौरिया के खिलाफ हजरतगंज थाने में मामला दर्ज होने के बाद से वह पिछले एक महीने से पुलिस को चकमा दे रहे हैं। एडीसीपी (सेंट्रल) राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि, भदौरिया की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं और इस संबंध में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। हालांकि, सपा नेता की सास और पूर्व सांसद सुशीला सरोज ने कहा कि, पुलिस ने गलत तरीके से इंदिरा नगर में उनके घर और एक फार्म हाउस पर संपत्ति की कुर्की के नोटिस चिपकाए क्योंकि ये संपत्तियां अनुराग भदौरिया की नहीं हैं। उसने कहा कि, अनुराग ने २००६ में उनकी बेटी से शादी करने से काफी पहले ये संपत्तियां खरीदी थीं। उन्होंने कहा, अनुराग दामाद के रूप में घर आते हैं, लेकिन उनका परिवार की संपत्ति से कोई लेना–देना नहीं है। सुशीला सरोज ने कहा कि, पुलिस नोटिस चस्पा करने के लिए उनके घर आई थी और उनका व्यवहार ठीक नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया, अनुराग के मौजूद नहीं होने पर भी वे हमारा अपमान करने की कोशिश कर रहे



थे। सरोज ने कहा कि, वह पुलिस कार्रवाई के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगी। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हीरो बाजपेयी ने उक्त अपराध के लिए अनुराग भदौरिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा कि, इस तरह की टिप्पणियों से हिंदुओं और गोरखनाथ मठ में आस्था रखने वालों की भावनाएं आहत होती हैं। महंत अवैद्यनाथ अपने गुरु दिग्विजय नाथ के उत्तराधिकारी गोरखनाथ मठ के महंत थे, जिसके बाद योगी आदित्यनाथ ने उन्हें मठ के मुख्य पुजारी के रूप में उत्तराधिकारी बनाया।

# सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा को कोर्ट ने किया बरी

लखनऊ। धरना प्रदर्शन व जबरन दुकानें बंद कराने के ४२ साल पुराने एक मामले में अभियोजन पक्ष के ७० गवाहों में से मात्र एक गवाह को पेश की जाने को एमपी–एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीश कुमार श्रीवास्तव ने मात्र औपचारिकता करार देते हुए, सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा को आरोपों से बरी कर दिया है। पत्रावली के अनुसार इस मामले की रिपोर्ट २७ फरवरी १९८४ को उप निरीक्षक अखलाक अहमद सिद्दीकी ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी। पुलिस रिपोर्ट में कहा गया था कि घटना वाले दिन वादी कानून व्यवस्था ड्यूटी पर था तभी करीब दोपहर में एक बजे रविदास मेहरोत्रा व सीबी सिंह १५–२० लोगों



को लेकर बिना अनुमति के जुलूस निकाल रहे थे तथा मुख्यमंत्री मुर्दाबाद व गोली डंडा की सरकार नहीं चलेगी आदि प्रकार के सरकार विरोधी नारे लगा रहे थे। यह भी आरोप था कि अभियुक्तों ने हलवासिया मार्केट में जबरदस्ती दुकानें बंद कराना शुरू कर दिया था। अदालत ने रविदास मेहरोत्रा को आरोपों से बरी करते हुए अपने निर्णय में कहा है कि पत्रावली में अभियोजन की ओर से ७० गवाह हैं जिन्हें सम्मन, जमानती वारंट, गैर जमानती वारंट व नोटिस जारी की गए परंतु इसके उपरांत भी कोई गवाह उपस्थित नहीं हुआ। अदालत द्वारा पुलिस कमिश्नर, संयुक्त निदेशक अभियोजन व पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर गवाहों को उपस्थित कराने के लिए भी कहा गया लेकिन फिर भी गवाह नहीं आए तो न्यायालय को मजबूरन साक्ष्य का अवसर समाप्त करना पड़ा।

# नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना पर जारी रहेगी रोक

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने प्रदेश के नगर निकाय चुनावों की अधिसूचना पर सोमवार को लगायी गयी रोक बुधवार तक जारी रखने का आदेश दिया है। राज्य सरकार पर नगर निकाय चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण लागू करने में प्रक्रिया का पालन न करने का आरोप लगाते एक जनहित याचिका दाखिल की गयी है। जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने यह आदेश दिया है। मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब देने के लिए एक दिन का और समय देने का अनुरोध किया गया था जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया। इससे पहले, इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने सोमवार को राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) को राज्य में नगर निकाय चुनाव कराने की अधिसूचना जारी करने पर आज यानी मंगलवार तक अंतरिम रोक लगा दी थी। याचिकाकर्ताओं ने राज्य सरकार पर नगर निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण लागू करने में प्रक्रिया का पालन नहीं करने का आरोप लगाया है।

# वित्त मंत्री के कर डाले फर्जी हस्ताक्षर, ३ हजार लोगों से हड़प लिए लाखों

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में पुलिस ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। दिल्ली पुलिस ने ४ शातिर जालसाज का भंड़ाफोड़ किया है जो वित्त मंत्री के जाली सिग्नेचर के जरिये ३००० लोगों से ठगी कर चुके हैं। दरअसल, वित्त मंत्रालय को ठगी की एक शिकायत मिली थी। जिसके बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की आईएफएसओ यूनिट ने जांच पड़ताल की तो वो भी हैरान रह गई। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को धर दबोचा है। गिरोह का मास्टरमाइंड मुस्तफाबाद का रहने वाला महताब आलम है। इसके तीन अन्य साथियों की पहचान सरबाज खान, मोहम्मद जुनेद और दीन मोहम्मद के रूप में हुई है। ये चारों ही इंश्योरेंस कंपनी में काम कर चुके हैं। यहीं से इन्होंने पोलिसी धारकों का डाटा चुराया और उन्हें अपने जाल में फंसाकर ठगी करते रहे। जानकारी के अनुसार, स्पेशल सेल की आईएफएसओ यूनिट को एक ऐसे जालसाजों के गैंग के बारे में पता चला जो किसी बड़ी संस्था नहीं, बल्कि सीधे वित्त मंत्रालय का नाम लेकर लोगों के साथ ठगी कर रही थी। इस गैंग के लोग वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के फर्जी सिग्नेचर का इस्तेमाल करते हुए लोगों से ठगी कर रहे थे।

# विपरीत परिस्थितियों में भारत थोड़ा मुरझा सकता है: नरेंद्र मोदी

नयी दिल्ली। श्री अरबिंदो की १५०वीं जयंती पर पीएम नरेंद्र मोदी का संबोधन ने अपना संबोधन दिया। इस दौरान मोदी ने कहा कि श्री अरबिंदो के जन्मदिवस के पुण्य अवसर पर मैं सभी देशवासियों को शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि श्री अरबिंदो के १५०वें जन्मदिवस के ऐतिहासिक असवर पर उनके विचारों और प्रेरणाओं को हमारी नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए इस पूरे साल को विशेष रूप से बनाने का संकल्प लिया है। इसके साथ ही मोदी ने कहा कि जब प्रेरणा और कर्तव्य, मोटिवेशन और एक्शन एक साथ मिल जाते हैं, तो असंभव लक्ष्य भी अवश्यम्भावी हो जाते हैं। आजादी के अमृतकाल में आज देश की सफलताएं, देश की उपलब्धियां और श्सबका प्रयासश का संकल्प इस बात का प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि समकालीन रूप से अभूतपूर्व घटनाओं के घटित होने को अक्सर एक घटना माना जाता है। लेकिन ये संयोग हमेशा एक 'योग शक्ति' से संचालित होते हैं। सामूहिक ऊर्जा सभी को एक साथ बांधती है और श्री अरबिंदो का जीवन ऐसी ऊर्जा को दर्शाता है। उन्होंने साफ कहा कि श्री अरबिंदो का जीवन 'एक भारत,



श्रेष्ठ भारत' का प्रतिबिंब है। उनका जन्म भले ही बंगाल में हुआ था, लेकिन अपना ज्यादातर जीवन उन्होंने गुजरात और पुडुचेरी में बिताया। वे जहां भी गए, वहां अपने व्यक्तित्व की गहरी छाप छोड़ी। इसका साथ ही मोदी ने कहा कि अगर हम अरबिंदो के जीवन को करीब से देखें तो हम भारत की आत्मीय विकास यात्रा का अनुभव कर सकते हैं। अरबिंदो का जीवन कई पहलुओं का समामेलन है जिसमें आधुनिक शोध और राजनीतिक ज्ञान के साथ–साथ आध्यात्मिक ज्ञान भी शामिल है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत वो अमर बीज है, जो विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में थोड़ा दब सकता है, थोड़ा मुरझा सकता है, लेकिन मर नहीं सकता। क्योंकि, भारत मानव सभ्यता का सबसे परिष्कृत विचार है, मानवता का सबसे स्वाभाविक स्वर है। उन्होंने कहा कि ''श्री अरबिंदो, उन स्वतंत्रता सेनानियों में से थे जिन्होंने पूर्ण स्वराज की मांग की और कांग्रेस की अंग्रेज परस्त नीतियों की खुलकर आलोचना की। उन्होंने कहा था कि अगर हम अपने राष्ट्र का पुनर्निर्माण चाहते हैं तो हमें रोते हुए बच्चे की तरह ब्रिटिश राज के सामने रोना बंद करना होगा।'' इस दौरान प्रधानमंत्री ने श्री अरबिंदो का एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया।

## राजाजीपुरम का ई ब्लॉक का चौराहा अब कमेडियन राजू श्रीवास्तव के नाम से जाना जायेगा

लखनऊ। पर मुस्कान बिखेरना बहुत ही पुण्य का कार्य है। स्वर्गीय राजू इस नाते से महान कलाकार थे। महापौर ने कहा कि लखनऊ राजू श्रीवास्तव का दूसरा घर था। राजाजीपुरम में उनका ससुराल है। यहां अक्सर कई मंचो पर उनसे भेंट हो जाया करती थी। उनका असमय जाना असहनीय है और उनकी कमी को कोई पूरा नहीं कर सकता। महापौर ने आगे बताया कि लखनऊ में उनके राजाजीपुरम स्थित ससुराल के निकट का ई ब्लॉक चौराहे का नाम उनके नाम से राजू श्रीवास्तव चौराहा करने की घोषणा मैंने श्रद्धांजलि सभा में की थी, जिसको नगर निगम कार्यकारिणी में पास कराया, जिसका लोकार्पण आज यहां किया गया है। महापौर ने कहा कि इस चौराहे का सौंदर्यकरण भी कराया जाएगा। जिससे लखनऊ वासियों के दिलों में राजू श्रीवास्तव हमेशा जिंदा रहेंगे,



उनकी याद हम सबके दिलों में सदैव बनी रहेगी। इस मौके पर महापौर संयुक्ता भाटिया संग पूर्व उपमुख्यमंत्री ड दिनेश शर्मा, हास्य कलाकार अन्नू अवस्थी, मनकामेश्वर मंदिर की महंत दिव्यगिरि, भाजपा नेत्री अपर्णा यादव, भाजपा नेता अंजनी श्रीवास्तव, भाजपा पार्षद शिवपाल सवारियां, पार्षद रेखा सिंह, पार्षद अन्नू मिश्रा, राष्ट्रिय कवि वेदव्रत वाजपेयी सहित प्रशंसक, परिवारीजन, बड़ी संख्या में अन्य जन मौजूद रहे।

## बरेली में चिकित्सक की सात साल की बच्ची से दुष्कर्म

बरेली। बरेली के ग्रामीण क्षेत्र में एक चिकित्सक की सात साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बरेली के पुलिस अधीक्षक (नगर) राहुल भाटी ने बताया कि शहर में रहने वाले चिकित्सक की बच्ची दो दिन पहले अपने परिवार के साथ ग्रामीण क्षेत्र में अपने किसी रिश्तेदार के घर एक कार्यक्रम में गई थी। बच्ची के पिता का शहर में ही एक क्लीनिक है। पीड़िता के पिता ने दर्ज कराई गई शिकायत में कहा कि उनकी बेटी रविवार दोपहर गली में खेल रही थी, तभी पड़ोस में रहने वाला शाहरुख (१६) नाम का व्यक्ति वहां आया और उसने उनकी बेटी से एक दुकान से शैंपू लाकर देने को कहा। उन्होंने कहा कि उनकी बच्ची जब शैंपू लेकर आई तो आरोपी उसे अपने घर की छत पर ले गया, जहां उसने दुष्कर्म किया। पुलिस के पास दर्ज शिकायत में कहा गया है कि बच्ची ने घबराकर चिल्लाना शुरू किया और जब उसके रिश्तेदार आवाज सुनकर छत पर पहुंचे, तो आरोपी शाहरूख मौके से फरार हो गया। बच्ची के पिता को शाम को क्लीनिक से घर लौटने पर इस मामले की जानकारी मिली और उन्होंने इज्जतनगर थाने में रविवार देर रात शिकायती पत्र देकर प्राथमिकी लिखाई। भाटी ने बताया कि पीड़िता के परिजन के मुताबिक बच्ची ने आरोपी को पहचान लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

## स्टाफ नर्सों ने काला फीता बांधकर किया विरोध प्रदर्शन, जानिए क्या है मामला

लखनऊ। राजधानी के लोकबंधु राजनारायण अस्पताल की स्टाफ नर्स मंजू देवी ने कुछ दिन पहले ही अस्पताल के एमएस अजय शंकर त्रिपाठी व मैटर्न अरुणा त्रिपाठी पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था। इसके बाद आत्महत्या की कोशिश की थी। इसी मामले को लेकर मंगलवार को अस्पताल के सभी कर्मचारी समिति स्टाफ नर्सों ने काला फीता बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। सभी कर्मचारी समेत स्टाफ नर्सों ने पूरा दिन काला फीता बांधकर ही काम किया। कुछ समय के लिए कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया, लेकिन कुछ समय बाद ही सभी अपने अपने काम पर लौट गए। राजकीय नर्सेज संघ का कहना है कि आला अधिकारियों को चार दिनों का समय दिया गया है। प्रताड़ित करने वालों पर कार्रवाई नहीं हुई तो बड़े स्तर का धरना प्रदर्शन होगा। लोकबंधु अस्पताल के अधीक्षक अजय शंकर त्रिपाठी व अरुणा पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो। मंजू के पति कैलाश चंद्र वर्मा ने आरोप लगाया था कि अधीनस्थों से छुट्टी मांगने के नाम पर २०००६– रुपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से रिश्वत मांगती है ना देने पर अन्यत्र स्थानान्तरण कराने की धमकी तथा गाली–गलौच करती है।

## पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष लल्लू ने किया आत्मसमर्पण

लखनऊ। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मानहानिजनक पम्पलेट छपवाकर बंटवाने के मामले में कांग्रेस विधायक अजय कुमार लल्लू ने मंगलवार को एमपी–एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीश कुमार श्रीवास्तव की अदालत में आत्म समर्पण कर दिया है। जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें बीस–बीस हजार रुपए की दो जमानतों पर रिहा कर दिया है। पत्रावली के अनुसार अजय कुमार उर्फ लल्लू के विरुद्ध डीएचएफएल के एक पूर्व अधिकारी द्वारा मानहानि का परिवाद दाखिल कर आरोप लगाया गया है कि वह डीएचएफएल में १८ अक्टूबर २०१६ तक रीजनल मैनेजर के पद पर था तथा उसने २२ अक्टूबर २०१६ को बजाज फाइनेंस ज्वाइन किया। अदालत में दिए बयान में वादी ने कहा कि डीएचएफएल ने २ नवम्बर २०१६ को अपने दो कर्मचारियों के खिलाफ गलत तरीके से पैसा निवेश करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद अजय कुमार लल्लू ने प्रेस वार्ता की तथा पर्चे छपवा कर कहा कि वादी ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा से मिला हुआ है, इसके बावजूद उसको गिरफ्तार नही किया जा रहा है। यह भी कहा गया है कि लल्लू की प्रेस वार्ता के बाद पुलिस ने वादी को गिरफ्तार कर लिया जिससे वादी की नौकरी चली गई। आरोप यह भी लगाया गया कि अजय कुमार ने वादी पर झूठे आरोप लगा कर मानहानि की। अदालत ने वादी एवं उसके गवाहों के बयानों के आधार पर प्रथम ष्ट्या माना कि अभियुक्त के खिलाफ साक्ष्य हैं। मामले में मंगलवार को लल्लू ने आत्मसमर्पण के साथ ही जमानत अर्जी भी दाखिल की जिस पर अदालत ने लल्लू को जमानत पर रिहा करते हुए कहा है कि वह न्यायालय द्वारा बुलाए जाने पर हाजिर होगा तथा सबूतों से छेड़छाड़ नहीं करेगा और ना ही गवाहों को धमकाएगा।

# नगर निकायों का कार्यकाल समाप्त

लखनऊ। प्रदेश में मंगलवार को नगर निकायों के कार्यकाल की समाप्ति का शासनादेश जारी कर दिया गया है। इसके तहत प्रदेश में होने वाली मेयर सीट के अलावा नगर पंचायतों और नगर पालिका अध्यक्ष के पद की शक्तियां क्रमशः नगर आयुक्त और अधिशासी अधिकारियों में निहित कर दी गई हैं। बता दें कि स्थानीय निकाय विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात की ओर से यह शासनादेश जारी किया गया है। शासनादेश के अनुसार, निकाय चुनाव के बाद मत की गणना उनके गठन के पश्चात शपथ ग्रहण की तिथि के निकायों की कार्यावधि के उपरान्त, नगर आयुक्त, नगर निगम तथा अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषदध्नगर पंचायत को निकायों के कार्य संचालन का दायित्व सौंप दिया जाए। निकाय की कार्यकारिणी समिति बहुमत के द्वारा नगर आयुक्तोंध्अधिशासी अधिकारियों को परामर्श दे सकेगी एवं यह समिति नागरिकों के लिए दी जाने वाली नागरिक सुविधाओं का पर्यवेक्षण भी करेगी। ऐसा करने में कार्यकारिणी समिति के सदस्यों को कोई पारिश्रमिकध्मानदेयध्भत्ता देय नहीं होगा। नगरपालिका परिषदोंध नगर पंचायतों के संबंध में कार्यकारिणी समिति का आशय निकाय बोर्ड से होगा। नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में खातों का संचालन अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर से होता है। नगर पालिका परिषदों नगर पंचायतों में अध्यक्ष के न रहने पर खातों के संचालन में कठिनाई होगी।

# लखनऊ पहुंची हॉकी वर्ल्ड कप की ट्रॉफी, सीएम योगी ने किया स्वागत





लखनऊ। भारत के ओलंपिक इतिहास में हकी को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। हॉकी में भारत ने अब तक ८ स्वर्ण पदक सहित कुल १२ मेडल अपने नाम किए हैं। ओडिशा में १३ जनवरी, २०२३ से मेंस हकी वर्ल्ड कप प्रतियोगिता का शुभारंभ हो रहा है। इससे पहले ट्रॉफी अपने देशव्यापी दौरे पर है। इसी कड़ी में रांची से चलकर यह ट्रॉफी उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंची है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने ट्रॉफी का स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हॉकी के लिए यूपी सबसे बेस्ट है। उन्होंने कहा हकी के सभी खिलाडियों को इस अवसर पर मैं बधाई देता हूँ। उन्होंने देश में खेल के प्रति बढ़ते रुझान पर भी प्रसन्नता व्यक्त की। लखनऊ में ट्रॉफी का कई जगह स्वागत किया गया। साथ ही शहीद स्मारक पार्क पर फोटो सेशन आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में खेल निदेशक आरपी सिंह भी मौजूद रहे। राजधानी लखनऊ में ४७ सालों के बाद हॉकी विश्व कप की ट्रॉफी लोगों के बीच खूब उत्साह बिखेर रही है।

# अवैध कब्जा मामले में जवाब तलब

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने तालाब की जमीनों पर अवैध कब्जा कर व उसकी प्रेंति परिवर्तित कर गोमती नगर विस्तार में तमाम अपार्टमेंट बना दिए जाने के कथित मामले में लखनऊ विकास प्राधिकरण से विस्तृत हलफनामा तलब किया है। मुख्य न्यायमूर्ति राजेश बिंदल व न्यायमूर्ति रजनीश कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की जनहित याचिका पर पारित किया। वर्ष २०१२ में दाखिल उक्त याचिका में आरोप लगाया गया है कि एलडीए व जिला प्रशासन ने मलेशेमऊ गाँव के १७ तालाब व १४ शमशान घाटों तथा कब्रिस्तानों की जमीनों की प्रेंति बदलते हुए, वहाँ तमाम अपार्टमेंट बना दिए गए। याचिका पर सुनवाई करते हुए, न्यायालय ने विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया व मामले की अगली सुनवाई के लिए २४ जनवरी की तिथि नियत की है।

# अश्लील वीडियो मामले में राज कुंद्रा व अन्य की अग्रिम जमानत मंजूर

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कथित रूप से अश्लील सामग्री वाले वीडियो वितरित करने के मामले में कारोबारी राज कुंद्रा और अभिनेत्रियों शर्लिन चोपड़ा एवं पूनम पांडे समेत अन्य के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के संबंध में उनकी अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को स्वीकार कर ली।न्यायमूर्ति एम के जोसेफ और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना की पीठ ने कुंद्रा एवं अन्य आरोपियों को जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद हमारा मानना है कि याचिकाकर्ताओं की अग्रिम जमानत मंजूर की जा सकती है। एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील आर बसंत ने दलील दी कि मामले में पहले ही आरोप पत्र दायर किया जा चुका है



और आरोपी जांच में पुलिस का सहयोग कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने पहले इस मामले में कुंद्रा को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया था। कथित अश्लील वीडियो वितरित व प्रसारित करने के आरोप में कुंद्रा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराओं, स्त्री अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। प्राथमिकी में चोपड़ा और पांडे को सह–आरोपी बनाया गया है। कुंद्रा के वकीलों ने दावा किया कि वह सामग्री निर्माण, प्रकाशन या कथित अवैध वीडियो के प्रसारण में किसी भी तरह शामिल नहीं थे, जबकि जिन अभिनेत्रियों को आरोपियों के रूप में नामजद किया गया है, उन्होंने वीडियो शूट करने के लिए पूर्ण सहमति दी थी।

# अभिनेता राजपाल यादव की शूटिंग में हंगामा

प्रयागराज। बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता राजपाल यादव की फिल्म की शूटिंग के दौरान बड़ा हंगामा हो गया। प्रतियोगी छात्र ने स्कूटर से टक्कर लगने पर मारपीट का आरोप लगाया। उधर प्रोडक्शन मैनेजर ने भी शूटिंग में व्यवधान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार अल्लापुर निवासी शशांक श्रीवास्तव एक फिल्म बना रहे हैं, जिसमें राजपाल यादव अहम भूमिका अदा कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग के लिए अभिनेता व अन्य क्रू मेंबर दोपहर एक बजे के करीब बैंक रोड चौराहे पर पहुंचे। जिस सीन को शूट किया जाना था, उसमें अभिनेता को एक स्कूटर चलाना



था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, चलाने के दौरान ही क्लच वायर टूट गया, जिससे स्कूटर अनियंत्रित हो कर पास ही खड़े एक ई रिक्शे से जा टकराया। इससे बगल में खड़े प्रतियोगी छात्र बालाजी को भी चोट आई। इसी बात को लेकर हंगामा हो गया। बालाजी का आरोप है कि स्कूटर टकराने पर राजपाल यादव ने गालीगलौज की और उनके बाउंसरों ने उसे पीट दिया। सूचना पर कर्नलगंज पुलिस पहुंची और स्कूटर को थाने ले गई। उधर, मौके पर जुटे छात्रों ने साथी के समर्थन में यह मांग रखी कि अभिनेता खुद माफी मांगें। इंकार करने पर थाने पहुंचकर तहरीर दी।

# मौलाना कल्बे जवाद ने प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप

लखनऊ। शिया वक्फ संपत्तियों पर हो रहे कब्जों और अवैध निर्माणों के खिलाफ इमाम ए जुमा और वरिष्ठ शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे



जवाद ने एक बार फिर मोर्चा खोलने का मन बना लिया है। मंगलवार को अपने आवास पर प्रेस कांफ्रेंस बुलाकर मौलाना ने इसका एलान किया। मौलाना कल्बे जवाद ने कहा कि अवैध निर्माणों को बनवाने में प्रशासन का पूरा हाथ है। लिहाजा जिलाधिकारी से मिलने के बाद वह ठाकुरगंज स्थित अब्बास बाग की कर्बला पर विरोध प्रदर्शन और अनिश्चितकाल के लिए धरने पर बैठेंगे। मौलाना जवाद ने कहा है कि लखनऊ के ठाकुरगंज स्थित वक्फ कर्बला अब्बास बाग में अवैध निर्माण हो रहे हैं। इस बाबत कई बार शिकायत रू। और डीएम से कर चुके हैं, यहां तक कि मुख्यमंत्री के यहां जन सुनवाई में भी यह मामला उठाया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मौलाना ने कहा कि वह आगामी गुरुवार को सड़क पर उतरेंगे और डीएम आवास व कार्यालय तक व्हीलचेयर से जाएंगे, इसके बाद अनिश्चितकाल के लिए धरने पर बैठ जाएंगे।

## शख्स ने किया एक्ट्रेस का सोशल मीडिया मंच पर पीछा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

मुंबई। एक ३५ वर्षीय व्यक्ति को उपनगरीय अंधेरी में एक २६ वर्षीय वेब सीरीज अभिनेत्री का उसके सोशल मीडिया मंच पर पीछा करने और परेशान करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी सोमवार को दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हिंदी और बांग्ला वेब सीरीज में काम कर चुकी अभिनेत्री पिछले कुछ महीनों से उत्पीड़न का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में एक सोशल मीडिया मंच पर लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए अपने प्रशंसकों के साथ बातचीत के दौरान अभिनेत्री को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा अश्लील संदेश भेजे गए थे। अधिकारी ने बताया कि अभिनेत्री ने उस व्यक्ति को सोशल मीडिया मंच पर ब्लक कर दिया, लेकिन उसने अभिनेत्री के इंस्टाग्राम अकाउंट पर संदेश भेजना शुरू कर दिया। कुछ दिनों बाद उसने ट्विटर पर भी अभिनेत्री और उसके पति को अपमानजनक सामग्री के साथ टैग करना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि आरोपी व्यक्ति ने हाल ही में अभिनेत्री का नंबर प्राप्त किया और उसे फोन करना शुरू कर दिया और उसे लिखित संदेश भी भेजे। आरोपी ने व्यक्तिगत रूप से अभिनेत्री का पीछा भी किया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि अभिनेत्री ने डी एन नगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566
सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक